मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-317
04/07/2025

# मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगा पथ अन्तर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक के सम्पर्क पथ के निर्माणाधीन कार्य का लिया जायजा, तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का अधिकारियों को दिया निर्देश

पटना, 04 जुलाई 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जे0पी0 गंगा पथ अन्तर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक के सम्पर्क पथ के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ओ0पी0 शाह सामुदायिक भवन, पटना सिटी एवं पटना घाट के पास रूककर निर्माणाधीन कार्य को देखा और साइट मैप के माध्यम से निर्माण कार्य से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पथ पटना साहिब रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर पटना घाट होते हुये जे0पी0 गंगा पथ तक सम्पर्कता प्रदान करेगा। इस पथ के निर्माण से अशोक राजपथ एवं मारूफगंज मंडी क्षेत्र में जाम की समस्या से निजात मिलेगी एवं जे0पी0 गंगा पथ का एन0एच0–30 (पटना–बख्तियारपुर पथ) से सम्पर्कता प्राप्त होगी।

ज्ञातव्य है कि 52.54 करोड़ की लागत राशि से पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक पथ का निर्माण किया जा रहा है। इस पथ का निर्माण राज्य सरकार एवं रेलवे के बीच भूमि के परस्पर आदान–प्रदान के आधार पर किया जा रहा है। यह पथ पटना साहिब रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर पटना घाट होते हुए जे०पी० गंगा पथ तक संपर्कता प्रदान करेगा। इस पथ की कुल लंबाई 1.5 कि0मी0 है। प्रस्तावित पथ में अशोक राजपथ पर फ्लाई ओवर का प्रावधान किया गया है। पथ के दोनों तरफ दो लेन का सर्विस पथ एवं सर्विस पथ के साथ स्ट्रीट लाईट, रोड मार्किंग इत्यादि का यथोचित प्रावधान किया गया है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप आर0 पुदकलकट्टी, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******